>

Title: Alleged supply of sub-standard and fake fertilizers by some private companies in Rajanandgaon, Chhattisgarh.

श्री देवव्रत सिंह (राजनन्दगांव): अध्यक्ष महोदय, मैं आज छत्तीसगढ़ के राजनन्दगांव के कवर्धा गांव का वह विÂाय उठाना चाहता हूं जो नकली खाद का है। वर्तमान रबी के सीजन में किसानों से बड़ी मात्रा में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इफ्को, कृभको और एनएफएल जैसी जो संयुक्त उपक्रम कम्पनियां हैं, वहां से किसानों को जो खाद प्राप्त हो रही है, उनमें बड़े पैमाने पर रेत की शिकायत मिलती है, कहीं-कहीं राख की शिकायत मिलती है और कहीं-कहीं कंकड़ मिलाने की शिकायत मिलती है। मैं आपके माध्यम से माननीय कृÂिा मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा। वैसे भी छत्तीसगढ़ में अकाल की स्थिति है। रबी की फसल के समय पहले से खाद की कमी थी। खाद की कमी होने के बावजूद जो खाद उपलब्ध हो रही है, उसमें विक्रेताओं के माध्यम से इफ्को और कृभको जैसी राष्ट्रीय कम्पनियों की खाद में मिलावट की बहुत शिकायतें आ रही हैं और बहुत जगह फसल इसलिए भी खराब हो गई कि जो खाद मिली, उस बोरी को खोल कर उनमें मिलावट की गई और कई जगह जो नकली खाद पाई गई, उसके ऊपर इफ्को और कृभको जैसी कम्पनियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे निश्चित रूप से किसानों को काफी अधिक नुकसान हुआ है। धन्यवाद।